ओ.जी.एल.के अंतर्गत आलू का आयात

1559.**श्री ईश दत्त यादव**:

प्रो.रामगोपाल यादव:

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ओ.जी.एल.के अंतर्गत आलू की विभिन्न किस्मों का आयात करने पर विचार कर रही हैं;

(ख) क्या कृषि मंत्रालय की उच्च स्तरीय समिति ने सरकार को आलू की विभिन्न किस्मों का आयात न करने का सुझाव दिया हैं;और

(ग) यदि हां,तो उच्च स्तरीय के सुझाव क्या-क्या है तथा इस पर सरकार का क्या निर्णय हैं ?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) (ग) आलू को आयातों की प्रतिबंधित सूची में रखा गया है । इसे आयातों की मुक्त सूची में लाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

निर्यात से आय

1560.**श्री डी.पी.यादव**: क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1997-98 के दौरान देश को निर्यात से कुल कितनी आय हुई :

(ख) क्या यह आय गत-वर्ष की तुलना में अधिक हैं;और

(ग) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं ?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) वाणिज्यिक आसूचना एंव सांख्यिकी महानिदेशालय के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1997-98 के दौरान निर्यात डालर के रूप में 33980 मिलियन अमरीकी डालर के हुए हैं ।

(ख) और(ग) जी हां । वर्ष 1996-97 के तुलना में वर्ष 1997-98 के दौरान हुए निर्यातों में 1.5% की वृद्वि प्रदर्शित हुई है । डी.जी.सी.आई.एंड एस.के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1996-97 के दौरान निर्यातों का मूल्य 33470 मिलियन अमरीकी डालर का हैं ।

निर्यात संवर्धन के लिए वस्तुओं की पहचान किया जाना

5161.**श्री कपिल सिब्बल**:

श्री बरजिन्दर सिंह:

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ऐसी पांच वस्तुओं की पहचान की है,जिनका गत चार वर्षो के दौरान निर्यात अधिकतम रहा हैं;

(ख) यदि हां,तो इन वस्तुओं के नाम क्या है तथा उनका वार्षिक निर्यात का औसत मूल्य कितना हैं;

(ग) क्या सरकार ने देश से इन वस्तुओं का अधिक मात्रा में निर्यात करने की क्षमता तथा संभावनाओं का पता लगाया हैं;और

(घ) यदि हां,तो इस क्षमता संबंधी आकलन का ब्यौरा क्या हैं?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) और (ख) वाणिज्यिक जानकारी तथा सांख्यिकी महानिदेशालय (डी.जी.सी.आई. एंड एस.) के 1997-98 के निर्यात आंकड़ों पर आधारित आंकड़ों के अनुसार पिछले 4 वर्षो के दौरान सबसे अधिक निर्यात की गई पांच वस्तुंए निम्रानुसार हैं ;

निर्यात (करोड़ .में)

वस्तुंए	1994-95	1995-96	1996-97	1997-98 (P)
रत्न एंव आभूषण	14131	17644	16872	19014
सूती यार्न फैब्रिक्स मैड अप्स,आदि	7014	8619	11082	12094
आर.एम.जी.काटन अनुवंगी सहित	7856	9454	10439	10429
औषध तथा भेषजीय एंव परिष्कृत	2512	3409	4342	5228